## कलेक्टर ने जिले के सभी बी.ई.ओ और बी.आर.सी. की बैठक लेकर, जिले के शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा की

# स्कूली बच्चों को 15 दिनों के भीतर पाठ्य-पुस्तकें उपलब्ध करावें- कलेक्टर भीम सिंह

**न्यायसाक्षी/रायगढ़।**
कलेक्टर भीम सिंह ने आज कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में शिक्षा विभाग के जिला मुख्यालय के अधिकारियों तथा सभी बी.ई.ओ.,बी.आर.सी. तथा 50 प्रतिशत से कम परिणाम आने वाले स्कूलो के प्राचार्यो की बैठक लेकर वर्तमान समय में शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बदली हुये परिस्थितियों में पढ़ाई का तरीका भी बदलना होगा। शिक्षक पिछले 4-5 माह से स्कूल के बच्चों से दूर है, अब शिक्षकों को बच्चों के घर-घर जाकर उनसे संपर्क करें और उनके पालकों को भी समझायें कि कक्षायें आन लाईन चल रही है अतः कक्षा के समय पालक अपने मोबाईल फोन बच्चों को उपलब्ध करावें ताकि बच्चा आन लाइन कक्षा अटेण्ड कर सके। इससे शिक्षकों और बालकों के बीच संवाद बढ़ेगा। शिक्षक की जिम्मेदारी बहुत ही



मानवीय और संवेदनशील होती है, प्रत्येक शिक्षक को इस जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा से करना चाहिए।

कलेक्टर भीम सिंह ने कहा कि आन लाइन कक्षाओं के लिये 55 हजार बच्चों या उनके पालकों के पास स्मार्ट फोन उपलब्ध है और इन्टरनेट कनेक्टिविटी की सुविधा भी है इसलिये अधिक से अधिक बच्चों को आन लाइन क्लास अटेण्ड करने के लिये प्रेरित करे और जिन स्कूलों में कुछ विषयों के शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं ऐसी स्थिति में नजदीकी स्कूलों के योग्य शिक्षकों की क्लास से कनेक्ट कर बच्चों की पढ़ाई जारी रखें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय बच्चों की शिक्षा के लिये चेलेजिंग (चुनौती भरा) समय है शिक्षक को यह सोचना है कि कैसे हम अपने स्कूल के बच्चों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध करावें। एक शिक्षक यदि मन लगाकर अपनी पूरी क्षमता से कमजोर बच्चे को अच्छी शिक्षा प्रदान कर उसे कक्षा में सबसे योग्य बना सकता है, कलेक्टर सिंह ने कहा कि जिले के सभी प्राचार्य और शिक्षक सप्ताह में 1-1 दिन बच्चों के घर जाकर निरंतर संपर्क करते रहें तथा ऑन लाईन शिक्षा की तकनीकी खामियों को दूर कर उन्हें ऑन लाइन क्लास से जोड़े और विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी अपने क्षेत्र के स्कूलों की सतत मानिटरिंग करतें रहें। शिक्षा विभाग के सभी अधिकारी प्राचार्य और शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा शिक्षा पाने से वंचित नहीं रहे। उन्होंने ऑन लाईन कक्षा से जुड़ने वाले छात्रों की प्रतिदिन की संख्यात्मक वृद्धि की रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर भीम सिंह ने कहा कि शहरी क्षेत्र में स्थानीय चैनल के माध्यम से भी 4 से 6 के बीच शिक्षा का क्लास चलाया जा रहा है इसलिये शहरी क्षेत्र के स्कूल शिक्षक अपने बच्चों के घरो में जाकर अथवा मोबाईल फोन के माध्यम से उनके पालकों को बतावें कि टी.व्ही. के माध्यम से 4 बजे से बच्चों की क्लास चलने वाली है ताकि बच्चे कक्षा अटेण्ड करे। उन्होंने जिले के 28 प्रतिशत से कम उत्तीर्ण होने वाले बच्चों के स्कूलों के प्राचार्यों से बात कर परीक्षा में कम उत्तीर्ण होने के कारणों की जानकारी लेते हुये उन्हें चेतावनी देते हुये कहा कि रायगढ़ जिले की गणना प्रदेश के अग्रणी जिलों में होती है लेकिन शिक्षा के क्षेत्र में रायगढ़ जिला प्रदेश के सुदूरवर्ती और पिछड़े जिलों से भी पीछे है। कलेक्टर सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों स्कूल छोडने तथा 10 वीं की परीक्षा में सम्मिलित नहीं होने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक अपने माता-पिता और पालकों को समझायें कि वर्तमान समय में शिक्षा कितना महत्वपूर्ण है। बच्चे को नियमित स्कूल कक्षा में सम्मिलित होना है। उन्होंने कहा कि प्रशासन शिक्षकों की कमी पूरा करेगा परन्तु शिक्षकों की नैतिक जिम्मेदारी है कि शिक्षा के स्तर में सुधार हो और परिणाम अच्छा आये।

कलेक्टर सिंह ने प्रत्येक विकासखण्ड में वर्तमान में संचालित क्वारेंटिन सेंटर की जानकारी प्राप्त करते हुये कहा कि आगामी कुछ दिनों में स्कूलों में संचालित सभी क्वारेंटिन सेंटर रिक्त हो जायेंगे। इन्हें पूरी तरह सेनेटाइज और परिसर की साफ-सफाई सुनिश्चित करने के बाद ही उपयोग में लावे। उन्होंने 15 दिनों के भीतर पहली कक्षा से दसवीं कक्षा के बच्चों को पाठ्य पुस्तक घर-घर पहुंचा कर देने के निर्देश दिये।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पदम पुरस्कार के लिए नामांकन 28 जुलाई तक आमंत्रित

भारत सरकार द्वारा पद्म पुरस्कार श्रृंखला 2020-21 के तहत पदम विभूषण , पदम भूषण तथा पदम पुरस्कारों के लिए वर्ष 2020-21 हेतु नामांकन आमंत्रित किया गया है। जिसकी अंतिम तारीख 28 जुलाई 2020 निर्धारित है। उक्त पुरस्कार में उत्कृष्ट कार्य को मान्यता प्रदान की जाती है और इसे सभी क्षेत्रों/विषयों जैसे कला, साहित्य और शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामलों, नागरिक सेवा, व्यापार और उद्योग आदि में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों /सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। इन पुरस्कारों से संबंधित विधान और नियमावली वेबसाईट पर उपलब्ध है। डॉकटरों एवं वैज्ञानिकों को छोड़कर, सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में काम करने वाले व्यक्तियों सहित सरकारी सेवक पदम पुरस्कार के लिए पात्र नहीं है। वेबसाईट पर दिए गए निर्देशों को पूर्ण करने वाले इछुक आवेदक अपने समस्त उपलब्धियों सहित कार्यालय, सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण रायगढ़ स्टेडियम बोईरदादर, रायगढ़ में 28 जुलाई 2020 की शाम 5 बजे तक अपना नामांकन करवा सकते है।

### ग्राम पंचायत जगालमौहा में उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए आवेदन 30 जुलाई तक

**रायगढ़।** विकासखण्ड धरमजयगढ़ के ग्राम पंचायत जगालमौहा में शासकीय उचित मूल्य दुकान स्थापित किया जाना है एवं नया उचित मूल्य की दुकान में संचालक नियुक्त किया जाना है। जिसके लिए 30 जुलाई 2020 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है। ज्ञात हो कि आ.जा.सेवा सहकारी समिति अथवा ग्राम पंचायत, कार्यशील ऐसे महिला स्व-सहायता समूह जिनका पंजीयन सहायक पंजीयक, फर्म एण्ड सोसायटी कार्यालय बिलासपुर में तीन माह पुराना हो तथा वन सुरक्षा समिति अथवा अन्य सहकारी समिति, दुकान संचालन हेतु अपना आवेदन पत्र 30 जुलाई 2020 तक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय धरमजयगढ़ में समूह अथवा समिति के प्रस्ताव की प्रतिलिपि एवं बैंक खाता पास बुक की जमा राशि के प्रति, पंजीयन प्रमाण-पत्र की प्रति सहित प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### जिले में 468.2 मि. मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 23 जुलाई तक 468.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 9.6 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 408.2 मिली मीटर, पुसौर में 562.0, खरसिया में 337.7, सारंगढ़ में 528.2, बरमकेला में 442.0, घरघोड़ा में 391.5, तमनार में 403.8, लैलूंगा में 637.8 तथा धरमजयगढ़ तहसील में 502.2 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### कलेक्टर भीम सिंह के निर्देश पर होम क्वारेंटीन का उल्लंघन करने पर दो एफआईआर दर्ज

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह के निर्देश पर होम क्वारेंटीन के नियमों का उल्लंघन किये जाने पर जिले के पूंजी पथरा थाने में अजय चौरसिया, ठेकेदार पाण्डेय, दिलीप कुमार, राजकिशोर यादव और पप्पू यादव पता प्रबंधन चौरसिया स्टील प्लांट ग्राम देलारी, पूंजीपथरा रायगढ़ के विरूद्ध तथा दिलीप घोष, प्लांट प्रबंधक और एच.आर. प्रमुख नवदुर्गा फ्यूल्स एवं पावर लिमिटेड सराईपाली, पूंजीपथरा के विरूद्ध दो अलग-अलग एफ.आई.आर.दर्ज की गई है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर सिंह द्वारा कोरोना संक्रमण की रोकथाम और बचाव के लिए होम क्वारेंटीन नियमों का कड़ाई से पालन कराये जाने के निर्देश दिये गये है। जिसके तहत स्थानीय उद्योगों को भी राय के बाहर से आने वाले श्रमिकों को 14 दिनों तक होम क्वारेंटीन में रहने के बाद ही कार्य पर रखने हेतु निर्देशित किया गया है।

### एसईसीएल के आवासीय कालोनी में जहरीला सर्प मिला

**कोरबा (आरएनएस)।** एसईसीएल के आवासीय कालोनी में जहरीला सर्प मिला है। इसे स्नेककेचर ने पकडक़र जंगल में छोड़ दिया है। जानकारी के अनुसार कल देर सायं कुसमुण्डा विकासनगर एमडी कालोनी में एक घरके अंदर लोगों ने अन्य सांपों से अलग दिखने वाला सांप देखा। इसकी सूचना कोरबा के स्नेक रेस्क्यू टीम को दी। जिसपर टीम के प्रमुख जितेंद्र सारथी ने कुसमुण्डा पहुंचकर इस सांप को पकड़ लिया।

## कांग्रेसियों ने मनाई चन्द्रशेखर और लोकमान्य तिलक की जयंती




**न्यायसाक्षी/रायगढ़।**
महान अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लोकमान्य वाल गंगाधर तिलक की जयंती एवं अविभाजित मध्यप्रदेश प्रदेश में मंत्री रहे स्वर्गीय विसाहू दास महंत की पुण्यतिथि पर गुरुवार को जिला कांग्रेस भवन मे कांग्रेस के शहर जिला अध्यक्ष अनिल शुक्ला के नेतृत्व मे कांग्रेसियों ने उक्त महान विभूतियों का नमन करते हुए उनके छाया चित्र पर दीप प्रज्वलन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने अपने उद्बोधन में स्वतन्त्रता के लिए उनके संघर्षों को याद करते हुए कहा कि तिलक और चंद्रशेखर आजाद ने अपना सम्पूर्ण जीवन देश के लिए कुर्बान कर दिया।जिनकी राष्ट्रभक्ति आज भी देश के युवाओं को प्रेरणा देती है।हमे उनका बलिदान सदैव याद रखना चाहिए।इस अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सन्तोषराय, पूर्व महापौर जेठूराम मनहर, दीपक पांडेय, अशरफ खान, हरेराम तिवारी, महामंत्री नारायण घोरे, शेख ताजीम,दयाराम धुर्वे, राकेश पांडेय एन एस यू आई, सन्तोष बहिदार, वसीम खान,सौरभ सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### दीपका के मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव

**कोरबा।** ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति द्वारा बुधवार को सड़क, प्रदूषण तथा अन्य मुद्दों पर एसईसीएल पुनर्वास ग्राम गाँधी नगर सिरकी खुर्द से रैली निकालकर एसईसीएल दीपका के मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव कर घण्टो तक आवाजाही को रोक दिया गया। एसईसीएल दीपका क्षेत्र अंतर्गत पुनर्वास ग्राम गांधी नगर सिरकी खुर्द की समस्याओं को लेकर पिछले 5 सालों से सड़क एवं प्रदूषण और ग्राम के अन्य समस्याओं पानी एबिजलीएनालीए भुविस्थापित परिवार के बेरोजगारों को रोजगारए ठेका कंपनी से निकाले गए भुविस्थापित कामगारों को काम पर वापस रखने आदि मांगो को दर्जनो बार समाधान करने के लिये मांग करते करते आजिज आ चुके भुविस्थापित परिवारों ने अब मजबूरीवश आंदोलन का सहारा लिया है । ग्रामीणों का आरोप है कि एसईसीएल प्रबन्धन की ओर से पिछले 5 साल से केवल आश्वासन दिया जाता रहा है किंतु अपने अड़ियल रवैय्ये से निवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं किया गया है।

### प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना अंतर्गत 14 अगस्त तक

**न्यायसाक्षी/रायगढ़।**
प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनान्तर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा वित्तीय वर्ष 2020-21 हेतु प्रवासी श्रमिकों से आवेदन आमंत्रित किए गए है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम हेतु जिन प्रवासी श्रमिकों की आयु 18 वर्ष से अधिक हो वे इस योजना के अंतर्गत 14 अगस्त 2020 तक खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के वेबसाईट में ऑनलाईन आवेदन कर सकते है अथवा कार्यालयीन समय पर वांछित दस्तावेजों के साथ जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कार्यालय के माध्यम से आवेदन कर सकते है तथा अधिक जानकारी हेतु मोबा.नंबर 8319208110 या 9685711905 पर संपर्क कर सकते है।

आवेदक आवेदन जमा करने के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे परियोजना प्रतिवेदन की प्रति, आधार कार्ड, शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता संबंधी प्रमाण-पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण-पत्र एवं जाति प्रमाण-पत्र (यदि हो), ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र+जनसंख्या प्रमाण-पत्र, पासपोर्ट आकार का फोटो एवं उद्यमिता विकास कार्यक्रम प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र (यदि हो) जमा कर सकते है।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनान्तर्गत अधिकतम स्वीकार्य लागत निर्माण/ उद्योग इकाईयों हेतु 25 लाख एवं सेवा इकाईयों हेतु 10 लाख है। योजना में निर्माण क्षेत्र में 10 लाख और सेवा क्षेत्र में 5 लाख से अधिक की परियोजनाओं में लाभार्थी को न्यूनतम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

कुल परियोजना लागत में निर्धारित नियमानुसार 15 प्रतिशत से 35 प्रतिशत अनुदान राशि देय होगा। कोई भी व्यक्ति अथवा उनके परिवार के सदस्य जो पूर्व में भारत सरकार या राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत अनुदान प्राप्त कर लाभान्वित हुए है इस योजना के लिए पात्र नहीं होगें। इस संबंध में अन्य जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति कार्यालयीन समय में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### एसईसीएल की कुसमुंडा कोयला खदान में भू-स्खलन, एक कामगार लापता

**कोरबा।** एसईसीएल की कुसमुंडा कोयला खदान में आज सुबह भूस्खलन हो गया। इस हादसे में आधा दर्जन श्रमिक बाल बाल बचे जबकि मौके पर मौजूद सुरेश नामक एक ठेका कामगार लापता बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा आज सुबह 9रू00 बजे के आसपास हुआ। सुबह.सुबह तेज बारिश हो रही थी। कोयला खदान में ठेकेदार केदार सिंह के मजदूर काम में जुटे हुए थे। इसी बीच एकाएक भूस्खलन की घटना हुई। भूस्खलन का आभास मिलते ही मौके पर मौजूद ठेका मजदूर अपनी जान बचाने के लिए पीछे भागे। आधा दर्जन मजदूर तो मौका से दूर निकलने में कामयाब हो गए लेकिन सुरेश नामक कामगार पिछड़ गया। आशंका है कि सुरेश भूस्खलन के बाद मिट्टी और कोयले के ढेर में दबा हो सकता है। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर कुसमुंडा पुलिस बल दरी के नगर पुलिस अधीक्षक केएल सिन्हा के साथ मौके पर पहुंच गया है। कुसमुंडा एसईसीएल के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं और सुरेश के रेस्क्यू की कोशिश की जा रही है। इस दुर्घटना की जानकारी पूरे क्षेत्र में देखते ही देखते जंगल की आग की तरह फैल गई। पूरे क्षेत्र में सनसनी का वातावरण निर्मित हो गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक ठेकाकर्मी बरमपुर निवासी सुरेश महंत है जो की खदान से पानी निकासी का कार्य कर रहा था, मिट्टी स्लाइड होने से उसमे दब गया। पूरे घटनाक्रम में प्रबधन की बड़ी लापरवाही निकल का सामने आ रही है। मलबे में दबे मजदूर को निकालने में लिए साथी ठेका मजदूर लगे हुए है,अपने स्तर पर स्लाइड हुए मिट्टी के चारो तरह दबे मजदूर को ढूंढ रहे हैं। आपको बता दें कि घटना सुबह की है। प्रबन्धन को घटना की पुरी जानकरी है। रेस्क्यू टीम 5 घंटे बाद मौके पर पहुँची। इस हादसे के बाद मजदूर काफी आक्रोशित है।

## उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने मुरा में छात्रावास भवन का किया लोकार्पण

**न्यायसाक्षी/रायगढ़।**
उच्च शिक्षा मंत्री तथा खरसिया विधायक उमेश पटेल ने आज खरसिया विकासखण्ड के ग्राम मुरा में नवनिर्मित आदिवासी बालक छात्रावास भवन का लोकार्पण किया साथ ही आयुर्वेदिक चिकित्सालय के लिए भूमि पूजन किया।

उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने इस दौरान कहा कि छात्रावास भवन पूर्ण हो जाने से छात्र आराम से यहां रहकर पढ़ाई कर सकेंगे। इसके साथ ही औषधालय का निर्माण होने से ग्रामीण चिकित्सा सुविधाएं और बेहतर होगी। उन्होंने आगे कहा कि छ.ग.सरकार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश के प्रत्येक घरों तक जल आपूर्ति के लिए वृहद कार्ययोजना बनाकर उसके क्रियान्वयन में लगी हुई है।

उन्होंने आगे कहा कि छात्रों को बेहतर शिक्षण उपलब्ध कराने के लिये लगातार कार्य कर रहे है। जिसका परिणाम है कि



पिछले डेढ़ वर्षो में रायगढ़ जिले में एक नई शहीद नंदकुमार पटेल यूनिवर्सिटी व खरसिया विकासखण्ड में दो कालेज की स्वीकृति मिली है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के डामरीकरण के साथ ही गांवों में सीसी रोड निर्माण में तेजी आयी है।

उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को मुरा गांव में अगले 7 दिनों के भीतर कैम्प लगवाकर गांव के राशन कार्ड विहीन पात्र लोगों के कार्ड बनवाने तथा पात्र हितग्राहियों को पेंशन योजना से जोडने के निर्देश दिये।

उच्च शिक्षामंत्री पटेल ने इस दौरान छात्रावास भवन का निरीक्षण भी किया। निर्माण कार्य में कमी पाये जाने पर उन्होंने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुये शीघ्र उसे दूर करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष महेत्तर उराव, जिला पंचायत सदस्य अवध राम पटेल व पुनीता दिलीप पटेल, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत खरसिया कृष्ण कुमार पटेल, जनपद पंचायत सदस्य रामलाल चौहान, सरपंच ग्राम मुरा श्रीमती विमला खगेश्वर सिदार, एसडीएम खरसिया गिरीश रामटेके, सीईओ जनपद खरसिया साहू सहित ग्रामवासी व अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480